# शासकीय कार्यों में शिथिलता पर नोटिस

## कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण कर दिए निर्देश, पुस्तक वितरण में ढिलाई पर नोटिस

नवभारत न्यूज

**सागर 15 जुलाई. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता, प्रभारियों द्वारा कर्तव्यों के निर्वहन में शिथिलता और प्रकरणों के दीर्घकाल से लंबित रहने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों और प्रभारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने के कड़े निर्देश दिए.**



नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के उपरांत भी छात्रों को पुस्तकों के सुचारू और समय-सीमा में वितरण न किए जाने तथा इस कार्य में बरती गई ढिलाई के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी सागर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पाठ्यपुस्तक वितरण प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कार्यालय के अभिलेखों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया. इस दौरान विभागीय जांच से संबंधित अत्यंत संवेदनशील प्रकरणों को दीर्घकाल से लंबित रखने और सौंपे गए दायित्वों के प्रति घोर उदासीनता बरतने के कारण कलेक्टर ने डीई (विभागीय जांच) सर्तकता शाखा प्रभारी के विरुद्ध भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

> कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शिक्षकों से संबंधित विभिन्न दावों, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, स्वत्वों के एरियर, भविष्य निधि आहरण और अन्य देयकों का तत्काल परीक्षण कर समय-सीमा के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाए. स्थापना शाखा के अंतर्गत कर्मचारियों की क्रमोन्नति, पदोन्नति और समयमान , वेतनमान के लंबित प्रकरणों न रहें और पात्रता अनुसार उनका ससमय निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और छात्र हित की नीतियों में किसी भी स्तर पर कर्तव्य-विमुखता अथवा शिथिलता पूर्णत: अक्षम्य है और कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार न होने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी.

## युगप्रवर्तक हेडगेवार नाटक का मंचन 24 को

**सागर.** ब्रह्मनाद संस्था द्वारा डॉक्टर हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाटक युगप्रवर्तक डॉक्टर हेडगेवार नाम से नाटक का मंचन पद्माकर सभागार में 24 जुलाई शुक्रवार को शाम 6:30 बजे किया जाएगा. ब्रह्मनाद संस्था के प्रचार प्रसार संयोजक रविंद्र सहस्त्रबुद्धे ने बताया कि संस्था अब तक भारत के विभिन्न राज्यों में नाटक की 54 प्रस्तुतियां दे चुकी है सागर में यह उनकी 55 वीं भी प्रस्तुति होगी. कार्यक्रम संयोजक अरविन्द्र उपाध्ये ने कहा कि नाटक की पहली प्रस्तुति नागपुर में 1 अप्रैल 2025 को प्रयोग के रूप में प्रारंभ की थी. उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश संस्कृति संचनालय के सहयोग से कई शहरों में यह आयोजन किया जा रहा है. संस्कार भारती भी इसमें सहयोगी है.पत्रकारवार्ता में अरविंद उपाध्याय, आनंद, जीवनलाल उपाध्याय, मनीष बोहरे मौजूद थे.

# राहत राशि वितरण शीघ्रता से कराएं : अहिरवार

## अजा आयोग के सदस्य ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, दस्तावेजों की कमियां दूर करें

नवभारत न्यूज

**सागर 15 जुलाई. मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**



बैठक में आयोग के सदस्य श्री अहिरवार ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के पीड़ितों के लिए राहत राशि का वितरण शीघ्रता से करें. उन्होंने कहा कि पीड़ित से सजीव संपर्क स्थापित कर उसके दस्तावेजों में आ रही कमियों को दूर करें और शीघ्रता से राहत राशि का वितरण सुनिश्चित करें. इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के समस्त नागरिकों के जाति प्रमाण पत्र बनवाना सुनिश्चित करें. उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावासों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसे छात्रावासों में स्वीकृत सीटों पर शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित किया जाए और छात्रावासों के रखरखाव और मरम्मत संबंधी कार्य पूरे किए जाएं. उन्होंने कहा कि भू-अभिलेख और राजस्व विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि किसानों और आम नागरिकों के भूमि के खसरों में सुचिता रहे और किसी भी प्रकार की विसंगति पैदा न हो. उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के जिन आवेदकों के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन निरस्त हुए हैं अथवा जिन आवेदकों के आवेदन अभी तक शुरू नहीं हुए हैं, ऐसे आवेदकों के आवेदनों को शुरू कर उन्हें आवास योजना का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें. इस दौरान निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग अदिति शांडिल्य, सिटी मजिस्ट्रेट गगन बिसेन सहित वनमंडल अधिकारी दक्षिण, उत्तर एवं रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व, जिपं सीईओ, एसई विद्युत मंडल अधीक्षक भू अभिलेख मौजूद रहे.

# किसान यूनियन ने प्रदर्शन किया

नवभारत न्यूज

**बीना 15 जुलाई. कृषि उपज मंडी में व्यापारियों की मनमानी और किसानों की उपेक्षा को लेकर किसान जनशक्ति श्रमिक यूनियन ने ताला बंदी कर दी.**

संभागीय अध्यक्ष सीताराम ठाकुर के नेतृत्व में किसानों ने मंडी के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया इसके बाद ट्रैक्टर ट्राली की लंबी कटारे दोनों तरफ से लग गई. किसान परेशान सीताराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि शासन द्वारा किसानों के लिए टीन शेड की व्यवस्था की गई है, लेकिन व्यापारी लोग उस पर पूरा कब्जा जमाए हुए हैं. बारिश का पानी आने पर किसानों की कृषि उपज भीगती रही, लेकिन व्यापारियों को किसानों की चिंता नहीं है. इसी मनमानी के चलते आज किसान परेशान हैं. तालाबंदी की सूचना पर मंडी सचिव मौके पर पहुंचे. उन्होंने किसान नेता सीताराम ठाकुर से कहा कि व्यापारियों को टीन शेड खाली करने के लिए समय दिया गया है, यदि उन्होंने समय पर नहीं हटाया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. किसान नेता का कहना था कि कार्रवाई आज और अभी की जाए. इसके बाद मंडी सचिव वहां से चले गए और उन्होंने नंदन वाटिका वाला मंडी का गेट खुलवा दिया गया.

## पंचायत कर्मियों का विरोध

**सागर** पंचायत सेवा कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए लागू की गई सार्थक ऐप आधारित अनिवार्य उपस्थिति प्रणाली के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में जीपीएस, नेटवर्क, सर्वर और मोबाइल संबंधी तकनीकी समस्याओं के कारण उपस्थिति दर्ज न होने पर कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की आशंका जताई गई. साथ ही निजी मोबाइल, इंटरनेट और लोकेशन के अनिवार्य उपयोग को निजता एवं डेटा संरक्षण से जुड़ा विषय बताते हुए इस पर पुनर्विचार की मांग की गई.

# बांध के इंजीनियरों पर ब्लैकमेल करने का आरोप

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 15 जुलाई. राजघाट बांध में तैनात दो सहायक अभियंताओं को कथित रूप से ब्लैकमेल कर लाखों रुपये की वसूली करने का मामला सामने आया है.**

आरोप है कि आउटसोर्स कर्मचारी और उसकी महिला साथी ने बातचीत की रिकॉर्डिंग के आधार पर दोनों इंजीनियरों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर पहले 5.40 लाख वसूल लिए और बाद में दोबारा 5 लाख की मांग करने लगे. पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ितों ने न्यायालय की शरण ली. सीजेएम के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपियों सहित दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. राजघाट बांध परियोजना में सहायक अभियंता पद पर तैनात अनिल कुमार अशोक व मूलचंद्र आर्या ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि बेतवा नदी बोर्ड के झांसी स्थित फील्ड हॉस्टल में वर्ष 2025 के दौरान आउटसोर्स के माध्यम से मंजूलिका वर्मा, रंकेश्वर प्रताप सिंह चौहान कार्यरत थे. अनुबंध समाप्त होने के बाद सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं.

> शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि सेवा अवधि के दौरान मूलचन्द्र आर्या और दोनों कर्मचारियों के बीच कई बार विवाद हुआ था. इसी दौरान मंजूलिका वर्मा ने कथित रूप से सामान्य बातचीत की रिकॉर्डिंग कर ली. बाद में दोनों आरोपियों ने दोबारा नौकरी पर रखवाने का दबाव बनाया और मना करने पर रिकॉर्डिंग वायरल करने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया. पीड़ित इंजीनियरों का आरोप है कि सामाजिक प्रतिष्ठा और बदनामी के डर से उन्होंने जनवरी 2026 में झांसी के सीपरी बाजार थाना क्षेत्र में हुए एक समझौते के दौरान आरोपियों को 5 लाख नकद तथा 40 हजार फोन-पे के माध्यम से कुल 5.40 लाख रुपये दे दिए. इसके बावजूद आरोपी नहीं माने और लगातार रुपये की मांग करते रहे. रिपोर्ट में कहा गया है कि रंकेश्वर प्रताप सिंह चौहान, मंजूलिका वर्मा तथा दो अज्ञात व्यक्ति राजघाट कॉलोनी स्थित सहायक अभियंता अनिल कुमार अशोक के आवास के बाहर पहुंचे. आरोप है कि उन्होंने दोनों इंजीनियरों को घेरकर फिर से 5 लाख की मांग की. पीड़ितों ने घटना की शिकायत राजघाट पुलिस चौकी, पुलिस अधीक्षक ललितपुर तथा अन्य अधिकारियों से की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय का दरवाजा खटखटाया. न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने जखौरा क्षेत्र के निवासी रंकेश्वर प्रताप सिंह चौहान एवं झांसी के टहरौली अंतर्गत भड़ोकर घुरैया निवासी मंजूलिका वर्मा सहित दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है.

# जिले में निकलेगी रथयात्रा

नवभारत न्यूज

**सागर 15 जुलाई. अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी की रथयात्रा का आयोजन 16 जुलाई गुरुवार को किया जाएगा.**

यह रथयात्रा 12 बजे से शाम 6 बजे तक शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी. आयोजन को लेकर इस्कॉन सागर ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं. इस वर्ष की रथयात्रा का प्रमुख आकर्षण परम पूज्य हिज ग्रेस महाभागवत प्रभुजी की पावन उपस्थिति रहेगी. वहीं वृंदावन से हिज ग्रेस असित कृष्ण प्रभु भी विशेष रूप से इस महोत्सव में शामिल होंगे। रथयात्रा का नेतृत्व इस्कॉन सागर के अध्यक्ष हिज ग्रेस कृष्णचंद्र दास प्रभुजी करेंगे. रथयात्रा सनराइज टावर से प्रारंभ होगी.

**रहली.** रथ दोज पर भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की नगरें दो रथ यात्राएं नगर भ्रमण करेंगी. पहली रथ यात्रा श्री देव सीता रामनिवास देवलिया जी मंदिर से शाम 4:00 बजे प्रारंभ होकर श्री देव सत्यनारायण मंदिर में विराम लेगी. दूसरी प्राचीन बडी रथ यात्रा गोधूलि बेला में श्री देव लक्ष्मी नारायण जी मंदिर कछियाना मोहल्ला से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए श्री देव सीताराम जी पटेरिया मंदिर में विश्राम लेगी.

वहीं सागर के बड़ा बाजार स्थित राम प्याऊ के सामने श्री देव जानकी रमण मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी, भाई बलराम जी एवं बहन सुभद्रा जी के पावन रथयात्रा महोत्सव के अवसर पर धार्मिक आयोजन किया जाएगा. सायं 7:30 बजे भगवान मंदिर के गर्भगृह से बाहर विराजमान होकर श्रद्धालुओं को दिव्य दर्शन देंगे. इसके पश्चात विशेष आरती एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा.

# अस्पताल में इलाज के दौरान लापरवाही

नवभारत न्यूज

**खुरई 15 जुलाई. लापरवाही छोटी हो या बड़ी लापरवाही, लापरवाही होती है. इलाज के दौरान किसी की जान पर बन आए तो फिर क्या हो? सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की तबीयत उस समय खराब हो गयी जब उसका इलाज किया जा रहा था.**

परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप है. बुखार का इलाज कराने सिविल अस्पताल पहुंचे युवक की सेफ्ट्रियाक्सोन इंजेक्शन लगने के बाद से अचानक तबीयत बिगड़ जाती है और फिर परिजन अस्पताल के ड्यूटी स्टाफ पर लापरवाही के



गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगते है. जानकारी के अनुसार, जगदीशपुरा निवासी प्रान सिंह पिता राम सिंह यादव बुखार का इलाज कराने सिविल अस्पताल पहुंचे थे. परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक द्वारा जांच के बाद दवा लिखी गई, लेकिन अस्पताल में पदस्थ स्टाफ नर्स ने गलत तरीके से इंजेक्शन लगा दिया. बिगड़ती स्थिति को देखते हुए उसे भर्ती कराया गया फिलहाल उसका इलाज जारी है, लेकिन परिजनों का कहना है कि उसकी हालत अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है. परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि कोई बड़ी अनहोनी हो जाती तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता. उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. अस्पताल सूत्रों के अनुसार घटना को लेकर चिकित्सक और स्टाफ नर्स एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं.

## प्रो .सिंह सदस्य बने

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विवि में प्रोफेसर एवं डॉयरेक्टर ऑफ अकादमिक अफेयर्स पद पर पदस्थ प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत को उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अध्ययन परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है. वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर उत्तर प्रदेश के मानविकी एवं समाज विज्ञान, इंजीनियरिंग संस्थान के नव गठित अध्ययन परिषद में बाह्य विषय विशेषज्ञ अध्ययन परिषद सदस्य मनोनीत किया.

## ईओ को ज्ञापन सौंपा


**ललितपुर.** रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी महेंद्र पुरोहित नेनगर पालिका परिषद के ईओ साहब को ज्ञापन दिया है. ज्ञापन में बताया गया है कि नवजीवन कॉलोनी फेश दो वार्ड संख्या13 मोहल्ला हरदीला भारतीय जीवन बीमा निगम के पीछे करीब 70 मी कच्ची सड़क आज भी बनने के लिए बाट जोह रही है. इसका कालका परिषद की ओर से17 जनवरी 2026 में14 लाख 46000 का बोर्ड प्रस्ताव संख्या 1396 के द्वारा स्वीकृत हो चुका है. शासन के द्वारा धन उपलब्ध भी हो गया है. श्रीमती पूनम शर्मा ने बताया है कि मोहल्लेवासी जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया था. लेकिन आश्वासन के बाद भी अभी तक 70 मीटर सड़क का निर्माण नहीं हुआ है. ईओ ने बताया है कि अब और यहां के लोगों इंतजार नहीं करना है.

## नियमितीकरण की मांग

**सागर.** नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं सागर संभाग प्रभारी राजेश सिंह राजपूत के नेतृत्व में कर्मचारी संघों के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी से कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की. प्रतिनिधिमंडल ने महापौर को अवगत कराया कि इंदौर नगर निगम में जिस प्रकार पात्र स्थायी एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित करने की कार्रवाई की गई है. प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत ने कहा कि नियमितीकरण से कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा, पदोन्नति, पेंशन एवं अन्य वैधानिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा.








विज्ञापन प्रतिभा चौबे